## खबर संक्षेप

### मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं बाल संरक्षण के प्रभावी क्रियान्वय के लिए समस्त परियोजना अधिकारियों,पर्यवेक्षकों,वन स्टाप सेंटर,जिला बाल संरक्षण इकाई,संप्रेक्षण गृह,शिशुगृह आदि के अधिकारियों, कर्मचारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने बाल संरक्षण के संबंधित जानकारियों से अवगत कराया। सहायक संचलाक(प्रभारी अधीक्षिका संप्रेक्षण गृह) श्रीमती संजीत भगत ने संप्रेक्षण गृह मे निवासरत विधि विवादित बालिकाओ के पोषण,स्वास्थ्य एवं शिक्षा के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए आने वाली चुनौतियों को साझा किया 7 जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी उमा शंकर ने पोकसों अधिनियम एवं देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों हेतु सामाजिक जांच रिपोर्ट तैयार,गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत किया गया पंजीयन

**शहडोल।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 जून तक शहडोल जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 17 जून 2025 तक की स्थिति में पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 23, किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3,मनरेगा के तहत 37 लोगा का पंजीयन किया गया है।

### संभागीय आईटीआई में किया जाएगा अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन

**शहडोल।** प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल ने जानकारी दी है कि ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई जिला शहडोल द्वारा शासकीय संभागीय आईटीआई शहडोल में अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक,मशीनिस्ट फिटर एवं वेल्डर से आईटीआई उत्तीर्ण है। उन्होंने बताया कि व्यवसाय कोपा, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक एवं मशीनिस्ट के लिए 23 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं फिटर एवं वेल्डर व्यवसाय हेतु 24 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### मेगा ब्लड डोनेट कैंप में 203 यूनिट का हुआ कलेक्शन



**शहडोल।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओ में इन दिनों मेगा ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, इस कैंप में हिस्सा ले रहे शहडोल, उमरिया ,अनूपपुर जिले सहित समस्त शाखा के अधिकारी व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, इस आयोजन में तीन जिले से 203 यूनिट ब्लड को एकत्रीत किया गया, जिसमें शहडोल में 82 यूनिट सहित अन्य जिलों में मिलकर 203 यूनिट ब्लड का डोनेशन किया गया, इस पूरे कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की टीम के सहयोग से यह पुण्य कार्य सफल हुआ, साथ ही भारतीय स्टेट बैंक के समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा, इस कार्यक्रम में डॉक्टर शमीम अहमद अंसारी पैथोलॉजिस्ट ब्लड बैंक, श्रीमती श्यामला राव ब्लड बैंक काउंसलर ,योगेश्वर मरकाम लैब टेक्नीशियन ,पुरुषोत्तम कुशराम लैब टेक्नीशियन ,राम प्रसाद लोहार और राजकुमार सिंह सहित डॉक्टरों की टीम ने इस पूरे कार्यक्रम को संभाल के रखा था।

---

10 दिन का मंथन: लिफाफे में बंद शहडोल कांग्रेस का भविष्य

# गुटबाजी से परे कांग्रेस को सर्वमान्य जिलाध्यक्ष की दरकार






### दशकों बाद जिलाध्यक्ष की दौड़ में कोयलांचल की दस्तक

दो दशकों से लगातार चुनावी जीत को तलाश रही कांग्रेस ने अभी से ही विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन में कसावट शुरू कर दी है, 11 से 21 जून तक कांग्रेस के पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने इस बार जो मंथन किया, भले ही वह औपचारिक हो, लेकिन इससे ठंडी पड़ी कांग्रेस की राजनीति में गरमाहट जरूर आ गई।

शहडोल

संगठन को फिर एक बार नये सिरे से कसावट और ऊर्जा से भरने के लिए राहुल गांधी के भोपाल दौरे के बाद पूरे प्रदेश में ही हलचल शुरू हो गई है, औपचारिक ही सही देश की राजधानी से पर्यवेक्षक के रूप में शहडोल आये विवेक बंसल और अन्य जिलों के सहयोगियों ने कांग्रेस में एक बार फिर बैठकों और चर्चाओं का दौर शुरू दिया, चुनावों के बाद से कांग्रेस के जिला कार्यालय में ही सिर्फ प्रदेश से आये आदेशों की खानापूर्ति और प्रेसनोट जारी करने तक ही पार्टी सीमित हो चुकी थी, ब्लाक कांग्रेसों और कस्बे तथा ग्राम स्तर में तो कांग्रेस जैसे चिरनिद्रा में ही लीन हो चुकी थी। बहरहाल संगठन में नये सिरे से कसावट के लिए किये गये प्रयास से थोड़ी ऊर्जा जरूर जागृत हुई। नये अध्यक्ष के लिए रस्साकशी शुरू हुई और सोशल मीडिया में कांग्रेसी नजर आने लगे। यह बताया जा रहा है कि दो दर्जन नाम भोपाल तक पहुंचेंगे और दिल्ली पहुंचते-पहुंचते सिर्फ आधा दर्जन नाम ही शेष रहेंगे, हालाकि भाजपा की तरह किसी नये और नारी शक्ति को प्राथमिकता देने की कोई भी हलचल फिलहाल नजर नहीं आ रही है।

### रायशुमारी और आंतरिक सर्वे

कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के चयन के लिए कांग्रेस भवन शहडोल से लेकर विभिन्न कस्बों में बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें रायशुमारी का दौर चलता रहा, अपने तौर पर कांग्रेस ने आंतरिक सर्वे पर भी जोर दिया, लेकिन पूरी बिसात घूम-फिरकर पुराने चेहरों के इर्द-गिर्द ही नजर आ रही है। यही नहीं अजय सिंह राहुल से लेकर कमलनाथ और जीतू पटवारी गुट के रूप में कांग्रेस नजर आई, लेकिन इंदिरा कांग्रेस शायद इन सबके बीच ही कहीं खो गई। बीते चुनावों में इन तीन गुटों में से एक के सक्रिय होने पर बाकी ने विरोधियों के स्लीपर सेल के रूप में कार्य किया। ऐसी जानकारियां विवेक बंसल तक हैं या नहीं, रायशुमारी और आंतरिक सर्वे में मुख्यालय की फूट का खाका कहां तक पर्यवेक्षक भांप पाये।

### मुख्यालय में ही तीन से अधिक गुट

दो दशकों से कांग्रेस ने चुनावों में हार का रिकार्ड बनाया, बावजूद कांग्रेसी वातानुकूलित कक्षों से बाहर नहीं आ पाये, वर्तमान में भी कांग्रेस अलग-अलग खेमों में बटी है, एक खेमें के आयोजन में दूसरे खेमे किनारे ही रहते हैं। सुभाष गुप्ता भले ही निर्विवाद अध्यक्ष रहे, लेकिन पूरे कार्यकाल में युवक कांग्रेस और पूर्व जिलाध्यक्ष तथा सोहागपुर ब्लाक की ही कांग्रेस को अपने साथ पूरे मन से खड़ा नहीं कर पाये। अलबत्ता यह जरूर हुआ कि पहले कांग्रेस कमलनाथ और अजय सिंह के गुटों में बटी थी, नगर पालिका चुनावों के बाद पूर्व में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र तिवारी और उनकी पूरी टीम ने तीसरा टेंट गाड़ लिया, जिसमें अजय सिंह राहुल, कमलनाथ और जीतू पटवारी खेमें के लोग छुप-छुपकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे।

### यूथ कांग्रेस व पूर्व जिलाध्यक्ष का गुट

युवक कांग्रेस भी शहडोल में कई खेमों में बटी है, अजय अवस्थी के टाल से यूथ कांग्रेस और छात्र संगठन के पदाधिकारी जहां झण्डा उठाते हैं, वहीं जयस्तंभ पर सूफियान, अनुपम गौतम के कार्यक्रमों में यह गुट शामिल नहीं होता, आजाद बहादुर खेमे के कांग्रेसी न तो टाल की यूथ और कांग्रेस के कार्यक्रमों में पहुंचते हैं, वहीं यूसुफ और मो. जकरिया जैसे सोहागपुर ब्लाक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पकड़ रखने वाले कांग्रेसियों ने इसी गुटबाजी के कारण खुद को औपचारिकता तक सीमित कर लिया है। सुभाष गुप्ता और अजय अवस्थी गुट का क्रमशः कमलनाथ और बाद में जीतू पटवारी गुट का संचालन करना, किसी से छुपा नहीं है, हालाकि मुख्यालय में युवा चेहरा होने के कारण अजय अवस्थी अभी तक आगे हैं, इनके पीछे सुभाष की ताकत और राजधानी में जीतू और कुणाल से नजदीकियां ही इनकी नैय्या पार कर सकती है।

### दशकों बाद कोयलांचल में हलचल

जिले की जैतपुर विधानसभा का केन्द्र बिन्दु कोयलांचल का क्षेत्र इस बार कांग्रेस की सक्रिय राजनीति में भोपाल और दिल्ली तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, हालाकि कोयलांचल के भी वरिष्ठ कांग्रेसी भाजपा की स्लीपर सेल के रूप में बदनाम हो चुके हैं। सिर्फ चुनावों में संचालन और औपचारिक कार्यक्रमों तक ही अंचल के कांग्रेसी, अब कांग्रेसी कम व्यवसायी ज्यादा नजर आने लगे हैं। बावजूद इसके भाजपा द्वारा मुख्यालय को छोडक़र कोयलांचल से अध्यक्ष चुने जाने के सफल प्रयोग से कांग्रेस शायद इस बार सीख ले सकती है। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष व कारोबारी बलमीत सिंह खनूजा कोयलांचल के साथ ही मुख्यालय में भी अपनी दस्तक देने के कारण इस दौड़ में है, वहीं अधिवक्ता व पूर्व युंका अध्यक्ष प्रदीप सिंह ऐसे दो नाम हैं, जिन पर हाल-फिलहाल किसी विशेष गुट की छाप नहीं लगी।

---

## योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायक ने निभाई सहभागिता



**शहडोल।** योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है जो तन, मन और आत्मा-तीनों को संतुलित करती है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्यौहारी में युवा संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायक शरद कोल सहित अन्य जन प्रतिनिधियो,अधिकारियों एवं लोगों ने सहभागिता निभाई।

## योगः स्वस्थ जीवन की कुंजी- युवा संगम में लोगों ने बढ़ चढ़कर निभाई सहभागिता

*शहडोल। योगः स्वस्थ जीवन की कुंजी योग से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, अवसाद, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों में लाभ मिलता है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर व्यक्ति को दीर्घायु और सशक्त बनाता है। योग से मन एकाग्र होता है और कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। योग आज वैश्विक पहचान बन चुका है और इसके अभ्यास से ही हम 'स्वस्थ भारत' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति 21 जून को शहडोल जिले में विश्व योग दिवस मनाया गया। विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतो, धार्मिक स्थलों पर्यटन स्थलों जैसे अन्य चिन्हित स्थान में युवा संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढक़र सहभागिता निभाई।शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय बुढार, जनपद पंचायत गोहपारू, ग्राम पंचायत खरला सहित शहडोल जिले के अन्य ग्राम पंचायतो में भी योगाभ्यास किया गया।*



---

# कृषि उत्पादन आयुक्त ने कृषि कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

### हर जिले में एक हजार हेक्टेयर में कृषि और उद्यानिकी फसलों का क्लस्टर बनाएं

### कलेक्टर किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों की नियमित समीक्षा करें



**शहडोल।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने रीवा एवं शहडोल संभाग में कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 46 प्रतिशत योगदान कृषि और उससे जुड़े विभागों का है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता है। किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ अधिक लाभ देने वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित करें। किसान को जिस दिन फसल से अधिक लाभ मिलेगा तो वह स्वयं नई फसल को अपना लेगा। गेंहू और धान की फसल की तुलना में दलहन और तिलहन में लाभ अधिक है। दोनों संभागों में अरहर के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष प्रयास करें। इसमें लागत कम और लाभ अधिक है। किसानों को तकनीकी ज्ञान के साथ अरहर की पूसा-16 किस्म की खेती के लिए प्रेरित करें। इसकी फसल 4 महीने में प्राप्त हो जाती है। किसान इसके बाद गेंहू की फसल ले सकता है।

### आधुनिक तरीके से खेती कर रहे शिक्षित युवा

श्री वर्णवाल ने कहा कि हर जिले में कृषि और उद्यानिकी की विशिष्ट फसलों के लिए एक हजार हेक्टेयर का सेक्टर बनाएं। किसी फसल का जब बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा तो उसे खरीदने और प्रोसेस करने वाले आसानी से मिल जाएंगे। फल, सब्जी, मसाला तथा फूल की खेती को इसमें प्राथमिकता दें। कई शिक्षित युवा आधुनिक तरीके से खेती कर रहे हैं। इन्हें रोल माडल बनाकर प्रमोट करें। खेती के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन जैसे व्यवसाय अपनाकर ही खेती को लाभदायक बनाया जा सकता है। प्रत्येक विकासखण्ड में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला शुरू कराएं। इनमें निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मिट्टी के नमूने देकर उनकी जाँच कराएं तथा किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड प्रदान करें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि दोनों संभागों में किसानों ने डीएपी के स्थान पर एसएसपी और एनपीके खाद को तेजी से अपनाया है। जिसके कारण डीएपी का संकट होने की आशंका नहीं है। खाद का वितरण पीओएस मशीन माध्यम से ही कराएं। इन्हें कंपनियों के सहयोग से अपडेट करा लें।

### लगाए जा रहे बायो एनर्जी प्लांट

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराएं। इसमें किसान सम्मान निधि के साथ-साथ एग्रीस्टेक में भी ई केवाईसी कराएं, जिससे किसान के साथ-साथ उसकी जमीन और फसल का डाटा अपडेट हो जाए। गिरदावरी में उद्यानिकी फसलों का भी क्षेत्र अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने नरवाई जलाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संभाग के सभी जिलों में बायो एनर्जी प्लांट लगाए जा रहे हैं। इन्हें चलाने के लिए फसल अवशेषों की आवश्यकता होगी। कंपनियां किसानों से निर्धारित राशि देकर पराली तथा अन्य फसल अवशेष खरीदेंगी। बेलर मशीन, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के उपयोग से भी नरवाई प्रबंधन करें।

### बायोगैस प्लांट संचालित करने का प्रयास

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फल, सब्जी और मसालों की खेती हो रही है वहाँ खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित कराएं। मछली पालन बहुत अधिक लाभकारी है। अगले दो सालों में मछली का उत्पादन दुगना करने के लिए केज कल्चर, बायोफ्लास जैसी व्यावसायिक मछली पालन तकनीकों का उपयोग बढ़ाएं। केवल बाणसागर बांध में ही केज कल्चर के उपयोग से हजारों टन मछली का उत्पादन किया जा सकता है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए श्री वर्णवाल ने कहा कि जिले में गौ अभ्यारण्य और बड़ी गौशालाओं का निर्माण कराएं। जिनके संचालन से निराश्रित गौवंश को आश्रय मिलने के साथ आर्थिक लाभ भी हो। इन गौशालाओं में खाद बनाने तथा गोबर से बायोगैस प्लांट संचालित करने का प्रयास करें। सेक्स सार्टेड सीमेन का निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार उपयोग सुनिश्चित करें। इससे गर्भाधान पर गाय से केवल मादा शिशु का जन्म होता है। दुधारू पशुपालन से जुड़ी योजनाओं में निर्धारित मिल्क रूट के हितग्राहियों को प्राथमिकता दें।

बैठक में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि संभाग में खेती को तेजी से विकसित करने के लिए दिए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। कृषि और उससे जुड़े विभाग के मैदानी कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने तथा नवाचार के लिए लगातार प्रयास करेंगे। बैठक में रीवा संभाग तथा शहडोल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स ने कृषि विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में सभी समितियों के खाते सहकारी बैंक में खोलने, बायो फोर्टिफाइड बीज के उपयोग, संरक्षित खेती, मुनगा तथा सुंदरजा आम के क्षेत्र विस्तार, स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना तथा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

### आयुक्त ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

बैठक में अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी अनुपम राजन, प्रमुख सचिव मछलीपालन निधि निवेदिता, प्रबंध संचालक मार्फेड आलोक सिंह, आयुक्त उद्यानिकी श्रीमती प्रीति मैथिल, आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक मण्डीबोर्ड कुमार पुरूषोत्तम, संबंधित जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के संभागीय एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद कृषि उत्पादन आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों ने कृषि और उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

---

## सड़क की मांग को लेकर कीचड़ में उतरे किसान



**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत मुंडिया टोला के बेल्हान टोला में सडक़ न होने से ग्रामीणों का जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, बारिश के मौसम में सडक़ मिट्टी से कीचड़ में सन जाती है, जिससे ग्रामीणों का आना जाना पूरी तरह से बंद हो जाता है। बरसात में सडक़ की हालत ऐसी हो जाती है कि राशन लाना, बच्चों का स्कूल जाना, बीमार को अस्पताल ले जाना सब कुछ थम जाता है। गांव का जीवन ठहर जाता है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, सडक़ नहीं होने से उनका जीवन नरकीय जीवन हो गया है। सडक़ बनवाने की मांग को लेके ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके है। बाबजूद इसके आज तक सडक़ नहीं बनी ,जिससे नाराज ग्रामीणों ने आज कीचड़ उक्त सडक़ में उतर कर विरोध कर रहे है। बरसात के मौसम ने हालात और बदतर कर दिए हैं। मिट्टी से सनी सडक़ें, हर ओर घुटनों तक कीचड़, और उस पर गांव से कटा जीवन यही है बेल्हान टोला की कहानी।

### स्कूल भी दूर, अस्पताल भी सपना

सडक़ की बदहाली का असर सबसे ज्यादा बच्चों और बीमारों पर पड़ रहा है। स्कूली छात्र रोज़ कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचते हैं, जबकि इमरजेंसी में एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती। कई बार ग्रामीणों को बीमारों को खाट या ट्रॉली पर लादकर मुख्य सडक़ तक लाना पड़ता है।

### जनप्रतिनिधियों से गुहार

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार सांसद, विधायक और प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला, काम नहीं।हमने वोट दिया, उम्मीद की, लेकिन अब उम्मीद भी जवाब दे रही है। ग्रामीणों ने इस बार विरोध का तरीका बदला, वे उसी कच्ची सडक़ पर पहुंचे कर विरोध कर रहे है, यह विरोध सिर्फ सडक़ के लिए नहीं, बल्कि उस अनदेखी और उपेक्षा के खिलाफ है, जो वर्षों से इस गांव को झेलनी पड़ी है।

### शुरू हुआ निर्माण

जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और प्रशासन की उदासीनता ने गांव को मानो नक्शे से काटकर अलग कर दिया है और जब उम्मीदें बार-बार तोड़ी जाती हैं, तब विरोध की चिंगारी आग बनकर भडक़ती है । ठीक वैसा ही हुआ बेल्हान टोला में जहां ग्रामीणों ने कंधे पर जिम्मेदारी उठाई और कीचड़ में उतरकर सडक़ पर विरोध दर्ज कराया, खबर है कि ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन ने उक्त सडक़ का निर्माण शुरू कर दिया है।

---

# हाईवे पर 30 किलोमीटर तक लगा रहा 18 घंटे जाम



**शहडोल।** शहडोल से रीवा जाने वाले प्रमुख मार्ग पर बुढ़वा के समीप पिछले 18 घंटों से अधिक समय तक जाम लगा रहा, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह जाम 30 किलोमीटर तक फैला हुआ था, जिससे स्थानीय यातायात व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा, बीच सडक़ ट्रक पलट जाने से यह जाम की स्थिति बनी। जाम के कारण देवलौंद थाना क्षेत्र में बाणसागर सोन नदी पर बना पुल हाल ही क्षतिग्रस्त हुआ, जिसके कारण मार्ग को डायवर्ट किया गया है। अब यातायात बुढ़वा क्षेत्र से होकर गुजर रहा है, जो कि एक सिंगल मार्ग है। इस स्थिति ने यातायात में बाधा उत्पन्न की है, जिससे जाम की स्थिति और भी बिगड़ गई। बुढ़वा में बारिश भी तेज हो रही है, जिसकी वजह से जगह-जगह जाम लग रहा है और लोग परेशान हो रहे हैं। सडक़ पर रुके यात्रियों में से एक रमेश तिवारी ने कहा, हमने इस स्थिति में बहुत अधिक समय बर्बाद किया। हमें उम्मीद है कि प्रशासन इस मार्ग के सुधार के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएगा। वहीं, स्थानीय दुकानदार राधेश्याम ने चिंता जताते हुए कहा इस जाम ने हमारे व्यवसाय पर भी असर डाला है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह हमारे लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।थाना प्रभारी देवलौंद, सुभाष दुबे ने बताया बुढ़वा बीच सडक़ पर एक ट्रक पलट गया गया था। इस कारण सडक़ पर जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जैसे ही हमें जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई और कड़ी मेहनत के बाद ट्रक को हटवाया। सिंगल मार्ग होने के कारण वाहनों की आवाजाही में रुकावट आ रही है। यह जाम शनिवार सुबह 8 बजे से बीती रात 2 बजे तक लगा था। जिससे 30 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर सभागार में आज

उमरिया। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 23 जून को टीएल बैठक पश्चात दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ, 90 मानपुर, अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ, मानपुर, उपखंड अधिकारी पाली, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ, 90 मानपुर एवं तहसीलदार बांधवगढ़, चंदिया, नौरोजाबाद मानपुर तथा पाली से कहा है कि आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें ।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह



उमरिया। भारतीय स्टेट बैंक उमरिया द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया, जिसमें 35 रक्तदाताओं का पंजीयन किया गया एवं कुल 29यूनिट रक्त संग्रह किया गया। स्टेट बैंक उमरिया चंदिया, नौरोजाबाद, करकेली शाखा के स्टाफ द्वारा रक्तदान किया गया । शिविर में सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी, आर एम ओ डॉ संदीप सिंह, ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ मुकुल तिवारी उपस्थित थे। स्टेट बैंक उमरिया शाखा प्रबंधक निशांत वाजपेई ने रक्तदान कर शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान हेतु सभी स्टाफ को प्रोत्साहित किया। ब्लड बैंक लैब प्रभारी वीरेंद्र शर्मा, विनीत साहू राजदेव सिंह, अंजुली दद्ववंशी, वर्षा विश्वकर्मा एवं अन्य स्टाफ ने रक्त संग्रह किया । सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी द्वारा सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु आग्रह किया। डॉ मुकुल तिवारी ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान उपरांत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर रक्तदान से होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर विस्तृत रूप से जानकारी दी ।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही कोतमा पुलिस



कोतमा। कोतमा थाना अंतर्गत पुलिस के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कार्रवाई कर रही है, उसी कड़ी में नगर के बस स्टैंड, मुखर्जी चौक, लहसुई कैंप तिराहे पर अलग-अलग टीम के माध्यम से चेकिंग अभियान चला कर बुलेट चालक जो की शराब के नशे में तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दूसरों की जान भी खतरे में डाल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन चालक को लहसूई तिराहे के पास टोकते हुए दस्तावेजों की जांच करने के साथ मेडिकल कराया गया। वाहन चालक के मेडिकल में शराब पीने की पुष्टि पाई गई। मोटर साइकिल को जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्यवाही से शराब पीकर वाहन चलाने वालों में खलबली मची हुई है।

### जिले में बीते 24 घंटे में 23.7 मिमी वर्षा दर्ज

उमरिया। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 23.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ मे 6.6 मिमी, मानपुर में 19.2 मिमी, पाली में 18.8 मिमी, नौरोजाबाद में 31.6 मिमी, चंदिया में 28.6 मिमी, करकेली में 16.9 मिमी ,बिलासपुर में 44 मिमी वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 55.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ में 52.5 मिमी, मानपुर में 32.9 मिमी, पाली में 42.8 मिमी, नौरोजाबाद में 57 मिमी, चंदिया में 63.4 मिमी, करकेली में 50 मिमी, बिलासपुर में 81.7 मिमी वर्षा शामिल है , जबकि गत इसी अवधि तक 17. 8 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिसमें बांधवगढ मे 23.6 मिमी, मानपुर में 8.7 मिमी, पाली में 8 मिमी, नौरोजाबाद में 60 मिमी, चंदिया में 16 मिमी, करकेली में 2.2 मिमी ,बिलासपुर में 6.2 मिमी वर्षा शामिल है ।

## काम का नहीं दिख रहा ओर-छोर, जिम्मेदार मौन

# सीवर लाईन नागरिकों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

**संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका अंतर्गत कुल 225 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जाना था। ठेका कंपनी ने अबतक वार्ड की सडक़ो पर ही लाइन बिछाई है। करीब 175 किमी लाइन ही पूर्ण किया गया है।**





जानकार सूत्र बतलाते है कि अभी लगभग 50 किमी लाइन का काम बाकी है। जिसमें मार्केट एरिया और मेन स्टेशन रोड है। शहर के मार्केट एरिया में अभी सीवर लाइन बिछाने का कार्य बाकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का डिजाइन चेंज किया गया था। बीते वर्ष बारिश बंद होने व त्यौहार समाप्त होने के बाद ठेका कंपनी मार्केट एरिया में लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ करना था, लेकिन यहां भी मंथर गति से चल रहे कार्य के चलते इस वर्ष भी सीवर लाईन का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

### असुविधा होनी शुरू

मानसून आने के संकेत हो चुक हैं, झूलापुल से डॉक्टर कालोनी होते हुए पुलिस लाईन जाने वाला मार्ग एक बार फिर वार्डवासियों के मुसीबत बनेगा, सडक़ों की मशीन से कराई गई खोदाई के कारण लोगों को घरों से निकलने और वाहन आदि लाने ले जाने में असुविधा होनी शुरू हो गई है, वार्ड नंबर 15 में बीते दिनों सीवर लाईन कंपनी की लापरवाही के चलते चार पहिया वाहन धस गया। सीवर पाइप लाइन बिछाने के पूरे कार्य में केवल मशीनें और वर्कर ही दिखाई पड़ते हैं। सुबह से लेकर शाम तक केवल गड्ढा खोदना और चेम्बर बनाने का काम किया जाता है। इस दौरान कार्य की प्रगति देखने और कार्य का तकनीकी अवलोकन करने वाले इंजीनियर और सुपरवाइजर कभी दिखाई नहीं पड़ते हैं।

### धसने की लगी गाडिय़ा

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी जैसी बड़ी कम्पनी में भी शायद कर्मचारियों का खासतौर पर तकनीकी कर्मचारियों का टोटा है। कंसल्टेंट लेकर काम शुरू कराने के बाद अब कोई मौके पर काम देखने नहीं जाता है। कंपनियां भी अपने पास पर्याप्त अमला दर्शाकर काम ले लेती हैं और फिर फील्ड में घिसटती रहतीं हैं। बरसात शुरू हो चुकी है और गाडिय़ा सीवर लाईन के लिए खोदे गये गड्ढों में फंस रही है, सीवर लाइन बिछाने वाली कंपनी को दो बार एक्सटेंशन मिल चुका है, पहली बार में दिसंबर 2024 तक काम पूर्ण करना था। दूसरी बार सीवर लाइन बिछाने वाली ठेका कंपनी को 31 मई 2025 तक के लिए एक्सटेंशन दिया गया था, समय बीत जाने के बावजूद सीवर लाईन कार्य पूरा नहीं हो सका है। कुल मिलाकर विकास के नाम पर सीवर लाईन कंपनी नगर पालिका के लोगों के मुसीबत बनी हुई है।

### नौकरशाह नहीं करते वार्डो का भ्रमण

नगर पालिका को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे सीवर लाइन बिछाने के काम में जो पाइप उपयोग में लाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता पर शुरुआत से ही सवाल खड़े होते रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जिन पाइपों का उपयोग घरों से निकलने वाले दूषित पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने में किया जा रहा है, उनकी मोटाई अपेक्षाकृत कम है, जो पानी का दबाव नहीं झेल पाएंगे। आश्चर्य की बात है कि वार्डो की हालत खस्ता है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है, नौकरशाह संभवतः वार्डो का कभी भ्रमण नहीं करते, जिसके चलते उन्हें यह नजर नहीं आ रहा है कि सीवर लाइन के निर्माण के चलते लोगों की कितनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर पालिका भी जिम्मेदार

नगर पालिका के वार्डो में सीवर लाईन ने एक बार फिर समस्या खड़ी कर दी है, सीवर लाइन के लिए बनाए गए गड्ढों में पानी भर रहा है, टूटी हुई सडक़ों पर चलना दूभर होने लगा है, ऐसे में हादसे की आशंका बनी हुई, सीवर लाइन परियोजना की कछुआ चाल के लिए नगर पालिका कम जिम्मेदार नहीं है। निर्माण एजेंसी को ठेका देने के बाद कार्य की बराबर निगरानी नहीं की गई। तय समय में लक्ष्य हासिल करने के लिए दबाव नहीं बनाया गया। जनता की परेशानियों की जगह निर्माण एजेंसी को अहमियत दी गई। अगर नगर पालिका ने समय पर सीवर लाईन कंपनी की प्राथमिकता तय की होती तो, जनता परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

# सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण

उमरिया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरवाहं एवं बिलासपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बिलासपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन में छत से पानी के लीकेज होने के संबंध में दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। बिलासपुर एवं हरवाहं में उपस्थित स्टाफ को मौसमी बीमारी डायरिया टायफाइड मलेरिया जैसे बीमारियों से रोकथाम हेतु आवश्यक जांच उपकरण एवं दवाइयां का बफर स्टॉक रखने हेतु निर्देशित किया गया । उन्होंने स्टाफ को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का संपूर्ण लाभ जनमानस तक पहुंचे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का संपूर्ण लाभ दिया जा सके गर्भवती माताएं एवं शिशु हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण एवं पंजीयन की जाने हेतु निर्देशित किया गया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोज़े पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाडिय़ों, पुआल के ढेर, लकड़ी के ग_र आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाडिय़ाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है।

सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकडऩे का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

## धरती आबा अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर संपन्न



उमरिया। सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा द्विवेदी ने बताया कि धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जातीय समुदायो को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में कैंप का आयोजन प्रारंभ हो गया है। उन्होने बताया कि 20 जून को करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत तामान्नारा, पाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत शाहपुर तथा मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चिल्हारी में शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, जन जातीय हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करना, जन धन खाता खोलने हेतु बैंको से समन्वय करने, जन धन खाता, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम संरक्षा बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड , पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, राशन कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन जातीय क्षेत्रीय स्किल सेंटर खोलना, वन धन केंद्र, मोबाइल टावर स्थापना नेटवर्क कनेक्टिविटी,सामाजिक सुरक्षा पेंशन , मछली पालन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन, होम स्टे का निर्माण, एलपीजी गैस कनेक्शन देने, पोषण वाटिका का निर्माण सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई।

## आदर्श महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस योग से होता है सकारात्मक ऊर्जा का विकास



उमरिया। आदर्श महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया । आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल , क्षेत्रीय संचालक रीवा एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ रीवा विश्वद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में 21 जून को प्रातः 6 बजे से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभय कुमार पांडे का निर्देशन मे योग अभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेम सिंह हटिला, योग दिवस कार्यक्रम आयोजन प्रभारी डॉ पिंकी सोमकुवर, कार्यक्रम संयोजक डॉ.राजीव तिवारी एवं महेंद्र कनौजिया ,क्रीड़ा अधिकारी के सह संयोजन में किया गया । महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने योग संगम अभियान में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कर दुनिया के सबसे बड़े योग समारोह का हिस्सा बनकर योग के इस ऐतिहासिक एवं वैश्विक आंदोलन में अपना योगदान दिया । डॉ पांडे द्वारा विभिन्न योग कियाओ ,योग मुद्राओं ,अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि योग विषयों पर जानकारी की साथ साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया गया स योग शरीर की शक्ति और मन की शांति बढ़ाता है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए एक वरदान है। आज योग दिवस पर सभी योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करने का आह्वान किया गया । विभिन्न योग आसनों का अभ्यास में प्रो शिव कुमार हल्दकार, प्रो निशि कर्ण , डॉ विष्णुकांत तिवारी, डॉ वीरेंद्र विश्वाकर्मा ,डॉ रश्मी साकेत , डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ रिचा तिवारी ,डॉ जुगुल किशोर , मनीष मिश्रा , दिनेश विश्वकर्मा , डॉ अनुपम सिंह , डॉ राजेंद्र प्रसाद , किरण प्रजापति , डॉ रूपलता चतुर्वेदी , आकांशा भारती अग्रवाल , डॉ धीरेन्द्र पाण्डेय , नीतू नामदेव , डॉ स्वराज पाल , डॉ रामवृक्ष द्विवेदी, उदित नारायण , ऊवेश अली , शिव राज कोल ,उजियारे बैगा ,अजय कुमार सहित महाविद्यालय के सभी विभाग के शिक्षक, बी ए, बी कॉम, बी एस सी संकाय के छात्र छात्राओं ,अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

# जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ़ में योग कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यटन स्थल जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ़ में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मानपुर की अध्यक्ष ममता सिंह व सरपंच ताला सहिला बानो की अध्यक्षता तथा अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में डॉ.दीपक द्विवेदी ने बताया कि योग न केवल हमें अनुशासन और संतुलन सिखाता है, बल्कि जीवन को भी दिशा देता है। यह हमारी आध्यात्मिक विरासत और मानवता को भारत का संदेश है, जो सम्पूर्ण विश्व को जोड़ता है। आइए, योग को अपनाएं और स्वस्थ, शांत और सशक्त जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय,अनुविभागीय दण्डा अधिकारी मानपुर टी, आर,नाग ,सी,ई, ओ मानपुर राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सहायक संचालक दिलीप मराठा , एसडीओ, फारेस्ट भूरा गायकवाड़ एसडीओ फॉरेस्ट बी,एस, उप्पल,जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ,चौकी प्रभारी वीरेंद यादव ,नायब तसीलदार रामलाल पनिका तथा फॉरेस्ट विभाग , पर्यटन विभाग तथा सभी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी , प्रशिक्षणार्थी,के साथ जनसामान्य व सैकड़ों स्कूली बच्चे उपस्थित रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में जनअभियान परिषद्,एकल अभियान का सहयोग रहा । कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक मुकेश यादव द्वारा योगाभ्यास प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराया गया । आयुष विभाग से ऋषभ पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा , तथा फॉरेस्ट विभाग से अविनाश शर्मा का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा ।

# बरतराई भूमिगत खदान में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।



रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाडांड उपक्षेत्र के बरतराई भूमिगत खदान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी के उपस्थित में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संपन्न हुआ। योग शिक्षक खेल प्रकाश साहू (सहायक प्रबंधक पाली प्रभारी रिले ए ) के द्वारा सभी उपस्थित माईनिंग स्टाफ तथा कर्मचारीयो को योग करा कर योग के फायदे बताए गये। मानव को प्रतिदिन योग करना चाहिए। सुबह की हवा लाखों रुपए की दवा का काम करती है। योग करने से कई बीमारियों स्वयं समाप्त हो जाती है। संसार का सबसे बड़ा उपहार निरोगी काया है। निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता और सहज और सरल माध्यम है, योग से बहुत सी बीमारियों का उपचार और निजात मिल जाती है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा। तभी हम समाज प्रदेश में देश की सेवा कर पाएंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित जनों में, सनातन त्रिपाठी खान प्रबंधक बरतराई, प्रकाश उरकुंडे पैनल इंचार्ज, सत्यप्रकाश सहायक प्रबंधक कार्मिक, एम.एम. शर्मा खान सुरक्षा अधिकारी, युसूफ साहू संवातन अधिकारी, शैलेंद्र दुबे वरिष्ठ ओवरमैन, रोहित गुप्ता वरिष्ठ ओवरमैन, सुशील बंजारे वरिष्ठ फोरमैन इलेक्ट्रिकल, राम सिंह वरिष्ठ फोरमैन, अनिल अग्रवाल लैंप रूम इंचार्ज, मिथिलेश यादव, मनोज कुमार राय, साथ ही रिले (ए) के कर्मचारी मनोज सोनी, राजेंद्र शर्मा, लाल दास, मोती, इश्तियाक, तुलसी, जीवन, अनिल मिश्रा एवं महिलाओ में चंदा केवट एवं अन्य महिला कर्मचारियों ने सामूहिक योग कर अपनी सहभागिता दी।

### नहीं थम रहा तेज रफ्तार वाहनों का कहर



कोतमा। नगर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थम नहीं रहा है। वाहन चालकों द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना को अंजाम देते हैं। रविवार की दरमियानी रात को वार्ड क्रमांक एक अटल चौपाटी के पास पंकज पांडे के पान ठेले को संजय साहू निवासी वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला के चार पहिया वाहन द्वारा ठोकर मारते हुए ठेले को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। रात के अंधेरे में हुए दुर्घटना से पूरा पान ठेला टूट गया साथ ही फर्नीचर टेबल व दुकान में रखें सामान का भी नुकसान हुआ। दुकानदार के द्वारा लगभग 50 हजार के समान नुकसान हुआ सुबह जानकारी लगने पर पंकज पांडे के द्वारा आसपास लगे कैमरे वह पूछताछ में उक्त वाहन की पता तलाश की गई जिसके बाद वाहन मालिक संजय साहू सब्जी एवं फरियादी के बीच सुलह की चर्चा चल रही है। विदित रहे कि रात में तेज रफ्तार वाहन चालकों के द्वारा आए दिन सड़क दुर्घटना किया जा रहा है।

## थाना में ली गई होटल-ढ़ाबा संचालकों की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



विगत दिनों शुक्ला ढाबा के पास शराब ठेकेदार के गुर्गों के द्वारा काली फिल्म एवं हूटर लगे वाहन से कुचलकर मारने का प्रयास किया गया था। इसके संबंध में नागरिकों के द्वारा सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। तथा नगर में शराब ठेकेदार के द्वारा होटल एवं ढाबों में अवैध शराब की बिक्री करवाई जाती है साथ ही शराब ठेकेदार के द्वारा दो पहिया एवं चार पहिया वाहन में शराब भरकर नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की पाइकारी करवाई जाती है। नागरिकों ने रात्रि 11:00 बजे तक सभी होटल ढाबे एवं शराब दुकान बंद करवाए जाने के संबंध में प्रशासन से मांग की थी। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ने घायल युवक के घर में पहुंचकर संवेदना व्यक्त की थी और उसके बाद थाना प्रभारी एवं एसडीएम को कड़े निर्देश देते हुए हाटल ढाबा में शराब की अवैध बिक्री बंद करवाए जाने के साथ ही शराब की पैकारी पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए होटल ढाबों को रात्रि 11:00 बजे तक बंद करवाए जाने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान के द्वारा क्राइम मीटिंग में कड़े शब्दों में जिले में संचालित होटल ढाबों को रात्रि 11:00 बजे तक बंद करवाए जाने के साथ ही अवैध शराब की बिक्री एवं पैकारी पर रोक लगाए जाते हुए कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को कोतमा थाना में क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी होटल ढ़ाबा संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती आरती शाक्य एवं थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा सभी होटल ढ़ाबा संलचाकों को समझाईश दी गई कि लोक प्रशांति व कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने रात्रि 11,00 बजे तक होटल ढ़ाबा बंद करना सुनिश्चित करें। सभी ढ़ाबा होटल संचालकों ने अपनी सहमति दी साथ ही सभी को हिदायत दी गई किसी भी होटल ढ़ाबा में अवैध रूप से शराब नही पिलायें। बैठक में द रायल ढ़ाबा, मां की रसोई, न्यु बंजारा होटल, यादव ढ़ाबा, शुक्ला ढ़ाबा, बाम्बई दरबार, गुरू कृपा ढाबा, सलीम ढ़ाबा, हाईवे किंग ढाबा आदि के संचालक उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## महिला के पास से 9 हजार रूपए कीमती का गांजा किया जब्त

**कटनी।** बाकल थाना पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन मे अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने टीम बनाकर नहर की पुलिया के पास ग्राम मसंधा मे एक संदिग्ध महिला दिखी जो पुलिस को देखकर घबरा गई तथा थैले को छुपाने लगी। रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम कमला बाई कोल उर्फ हरबोलनी पति नारायण कोल 55 साल ग्राम मसंधा थाना बाकल का होना बताई । थैले मे रखी सामाग्री के संबंध मे पूछा गया तो पहले तो अनाकानी करने लगी फिर स्वविवेक से पूछताछ पर मादक पदार्थ गांजा का होना बताई । गांजा की तौल करने पर 825 ग्राम कीमती करीबन 9000 रूपये का होना पाया गया। आरोपिया के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 35(3) बीएनएसएस का तामिल कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रआर शिवसिंह , अवधेश मिश्रा , आर. कमलकान्त यादव, बुद्धू कुमार की विशेष भूमिका रही।

## स्कूलों के समीप से गुटखा और नशा की दुकानें बंद कराने सौंपा पत्र

**सिलौंडी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने पूरे क्षेत्र में शासकीय स्कूलों और महाविद्यालय के पास पान गुटखा या अन्य किसी भी प्रकार के नशा के कारोबार को प्रतिबंध कराने एसडीएम को पत्र सौंपा है । जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने बताया कि शासकीय स्कूलों के पास पान गुटखा की दुकान के कारण स्कूली बच्चे भी गुटखा खाने के आदी हो रहे है । पढ़ाई के उम्र में नशा के आदी होने से उनका भविष्य भी खराब होगा । बच्चे देश का भविष्य होते है । जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे निरंतर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का प्रयास कर रही है। अवैध रूप चल रही शराब पैकरियो को बंद कराने कलेक्टर को भी पत्र लिख चुकी है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे ने शासकीय स्कूलों और महाविद्यालय के पास की गुटखा और पान दुकान जल्द से बंद कराने की मांग की है।

## इसी सत्र से पुराने गर्ल्स कॉलेज भवन में केंद्रीय विद्यालय होगा प्रारंभ

**कटनी।** शहरी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की मांग पूरी होने के साथ साथ विद्यालय का संचालन भी वर्तमान सत्र 2025-26 के दौरान पुराने महिला कॉलेज भवन में प्रारंभ होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कटनी को यह सौगात दी। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए सांसद वीडी शर्मा जी निरन्तर प्रयास में जुटे थे। श्री टण्डन ने कहा कि सांसद श्री शर्मा के साथ के केंद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा पुराने गर्ल्स कॉलेज में संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्था के लिए प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, विधायक गण संजय सत्येंद्र पाठक, सन्दीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक निरन्तर प्रयासरत थे। समस्त भाजपा जन प्रतिनिधियों के भागीरथी प्रयासों की बदौलत कटनी शहर के बीचोंबीच केंद्रीय विद्यालय के संचालन का मार्ग प्रशस्त हुआ। केंद्रीय विद्यालय के संचालन से शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी।

# योग भगाये रोग योग साधना से तन, मन और विचारों में एक अद्भुत संतुलन एवं ऊर्जा का होता है संचार: गंगा मिश्रा

### महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

बुढार।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस नेहरू महाविद्यालय प्रांगण में सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।**





11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गंगा मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग साधना से तन, मन और विचारों में एक अद्भुत संतुलन और ऊर्जा का संचार होता है। यह हमारे महान ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जिसे आज पूरे विश्व ने अपनाया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है, यह हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष निलेश जैन ने कहा कि तनाव से मुक्ति का रास्ता योग है।

### आस्था नामदेव के योग करतब आकर्षण का केंद्र रही

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से 11 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्रा पलक मिश्रा एवं आस्था नामदेव द्वारा कराया गया! अवसर पर शासकीय नेहरू महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टॉफ द्वारा सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। योगाभ्यास डॉ एम मानिकपुरी, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ मनोज कुजूर, डॉ आई के बेग, डॉ एस एम प्रजापति, डॉ जयशंकर,, डॉ निपेंद्र क्रचूली, कमलेश प्रजापति,रितेश सिंह पूर्व पार्षद रतन सोनी सहित सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## छेड़छाड़ के अज्ञात युवक की तलाश, घटना दिनांक से मौके से फरार



**बुढार।** थाने क्षेत्र के विकास नगर लक्ष्य आईं टी आई के पास गत दिनांक 7 जून को विकास नगर निवासी 19 वर्षीय युवती के साथ अज्ञात युवक द्वारा छेड़छाड़ कर मौके से फरार यूवक की तलाश कर रही पुलिस। पुलिस ने बताया कि अपराध क्रमांक 383/25 धारा 74,78 बीएनएस की पीड़िता जों कालेज बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है जो सिन्धी मार्केट में यादव के यहां कम्प्यूटर सीखने रोज़ पैदल आना-जाना करतीं घटना दिनांक को कम्प्यूटर क्लास से पढ़ाई कर वापस घर जा रही थी तभी अचानक एक अज्ञात युवक ने बुरी नजर से देखते हुए छेड़खानी कर भाग गया जिसका कद 5 फिट रंग गोरा,जो नीली टी-शर्ट और जींस पेंट पहना हुआ है,जिस किसी भी भी जानकारी हो तो इस मामले के विवेचक महिला सब इंस्पेक्टर श्रीमती शोभा नामदेव के मोबाइल फोन 6265639968 पर जानकारी दे कर पुलिस की सहायता करें पता बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

# विद्यालयों, पंचायतों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामूहिक योग के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसके अवसर पर विभिन्न ग्रामों में सामूहिक योग कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से बम्होरी, बहोरीबंद, पटना रोड, डिहुटा, पथ पिपरिया, पिपरिया पौड़ी, कल्हैया खुर्द, अमोच, पटना मढ़िया, तेवरी आदि ग्राम शामिल रहे।

कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रमुख रूप से ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह नवांकुर संस्था से धनीराम लोधी, सुरेन्द्र चक्रवर्ती, सरजू श्रीवास परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी प्रस्फुटन समिति से नरेश दाहयत, बहादुर सिंह, रामेश्वर लोधी, मनोज रैदास, मुकेश की सराहनीय सहभागिता रही। ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, आंगनवाड़ी, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणजनों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने योग संगम पोर्टल से सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम

योग दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास अंतर्गत संचालित ज़लिें के समस्त 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों के साथ योग संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया गया। साथ ही ज़लिें में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में भी योग प्रशिक्षक की उपस्थिति में बच्चों द्वारा योगाभ्यास किया गया। वन स्टॉप सेंटर कटनी एवं आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 155 में प्रतिभा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकासकी उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया।

*विद्यार्थियों को योग से जुड़ना चाहिए, मेडिटेशन करना चाहिए*

# योग दिवस पर एनसीसी कैडेट एवं छात्र छात्राओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



11वें अंतर्राष्ट्री य योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शासकीय तिलक महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय एन के जे के एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर एक साथ योग कर कीर्तिमान स्थापित किया। केंद्रीय विद्यालय में एक साथ योग करते हुए सभी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं को योग से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया एवं प्रतिदिन योग को अपने जीवन में उतारने हेतु संदेश दिया गया।

केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम पूर्णरूप से स्वस्थ हो सकते हैं। इसीलिए हमें नियमित योग करना चाहिए और योग को अपने जीवन में उतारना चाहिए। वहींमेजर डॉ. सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी ने बताया कि हमारा मन अशांत रहता है, मन भटकता है। खासकर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को योग से जुड़ना चाहिए, मेडिटेशन करना चाहिए। योग एक ऐसा मार्ग है जिससे हम चित की वृत्तियों को संयम कर सकते हैं ।

कार्यक्रम में डॉ. रोशनी पांडे, रबेका मसीह, जयनारायण तिवारी, सुनीता बर्मन, अन्य एनसीसी अफसर के साथ सूबेदार पंकज कुमार हवलदार, रघुनाथपाल एवं एनकेजे केंद्रीय विद्यालय का विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### तिलक कॉलेज में आयोजन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीवलेंस, शासकीय तिलक स्नारतकोत्तर महाविद्यालय में योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं रेड-रिबन क्ल ब के संयुक्तन तत्वारवधान में ''एक पृथ्वीी- एक स्वाीस्यव '' थीम के अंतर्गत योग अभ्यारस का आयोजन योग प्रशिक्षक योगाचार्य श्री राजकमल आर्य की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में योगाचार्य श्री आर्य ने कहा कि योग करें, निरोगी रहें। योग कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्यय योग के महत्वर को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं को स्वायस्य्ि के प्रति जागरूकता लाना, शारीरिक, मानसिक एवं आध्यावत्मिक रूप से सशक्त बनाना है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में हुए सामूहिक योग के कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

# तन-मन को रखना है निरोग तो रोजाना करें योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग योग दिवस की थीम को बढ़ावा देने शनिवार 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर, कटनी में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल,कलेक्टर दिलीप कुमार यादव व पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की मौजूदगी में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यहां जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता और प्रमोद चतुर्वेदी,जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, डीईओ, जिला आयुष अधिकारी, तहसीलदार बीके मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों, शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

योग कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा (वर्चुअली) सामूहिक योग कार्यक्रम में संबोधन का प्रसारण किया गया। योग कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक ने अतिथियों को गुलमोहर का पौधा भेंट किया।

### एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

जिला स्तरीय योग कार्यक्रम के बाद सांसद, विधायक, कलेक्टर,एस पी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को प्रातः 6 बजे से भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

योग दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों, कालेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किये गये। योग सत्र में बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने योगाभ्यास किया।

सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई तत्पश्चात योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात कपालभाती, अनुलोम विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। फिर ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ किया गया। कार्यक्रम में योग करने से तन -मन और बुद्धि स्वस्थ रहने सहित अन्य लाभों से अवगत कराया गया।

### सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में हुआ योगाभ्यास



सिलौंडी में विश्व योग दिवस पर सुबह शासकीय स्कूलों में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ । शासकीय कन्या हाई स्कूल में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच पंचों संतोष कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय,रजनीकांत राय ,प्राचार्य विशाल वरकडे के उपस्थिति में योग कार्यक्रम हुआ । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने अपने संबोधन में बताया कि स्वामी विवेकानंद ने देश के युवाओं को नशा से दूर रहकर योग करते हुए अपने शरीर को स्वास्थ्य रखना है। मनमोहन राय ने बताया हम सभी रोज सुबह आधा घंटा योग कर अनेक बीमारियो से बच सकते है। योग करने से शरीर में फुर्तीला और तंदुरुस्त रहता है सरपंच पंचों संतोष ने बताया लंबी आयु और निरोगी काया के लिए रोज योग करते रहना चाहिए।

### शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक शांति भी मिलती है योगा से



विजयराघवगढ़ में राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा आयोजित "योग संगम 2025" में सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश रेडियो के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने योग को आत्मिक, शारीरिक और वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि एसडीएम महेश मंडलोई ने सभी उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा"योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और समर्पण की ऊर्जा है। योग ही वह साधन है, जो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के मंत्र को साकार करता है।" हमे प्रति दिन योग करना चाहिए।



### महापौर, निगमायुक्त एवं नागरिकों ने किया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केसीएस स्कूल में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी रहीं। महापौर श्रीमति सूरी ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए दैनिक योग अभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक समग्र अभ्यास है जो मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि करता है। महापौर श्रीमती सूरी ने योग को आत्म-खोज, आंतरिक शांति और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रदान करने की बात कहते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया। इस दौरान योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, शवासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगर थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में योग के महत्व को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार, निगमायुक्त नीलेश दुबे,एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता, पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी,श्रीमती किरण पोद्दार,के.सी.एस प्राचार्या रूप भास्कर,योग गुरु संतोष सिंह,वैभवी सिंह,वैष्णवी सिंह,शिक्षक,कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल,आलोक तिवारी,संदीप पाठक कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## बड़वारा महाविद्यालय एवं छात्रावास विलायतकला में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सामान्य योगाभ्यास कराया गया एवं योग के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुजीत सिंह, रामकिशोर आर्य अन्य स्टाफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं एन.एस.एस. वालंटियर्स ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया । एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- योगासन सेल्फी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन भी किया जा रहा है । जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं अन्य नागरिक भी भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ योग के महत्व को जानना एवं योग से सम्बंधित जानकारियों को साझा करना है । प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे ।



इसी तरह शासकीय अनुसूचित जन जाति सीनियर बालक छात्रावास विलायतकला में योग दिवस हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया। योग की मानव जीवन में जरूरत लाभ एवं इसकी महत्ता पर योग शिक्षक प्रकाश सोनी द्वारा विस्तृत रूप से समझाया गया। सर्वप्रथम सूक्ष्म व्यायाम किया गया। इसके बाद खड़े होकर किए जानेवाले आसान, बैठकर किए जाने वाले योगासन, पेट के वल किए जाने वाले आसनों के उपरांत ब्रीदिंग, प्राणायाम एवं ध्यान योग क्रिया कराई गई। कार्यक्रम में ए. के. पटेल प्राचार्य, ए के दुबे व्याख्याता, अजय कुमार सोनी मंडल अध्यक्ष, पूरनलाल विश्वकर्मा, विजेंद्र, बीएसी बड़वारा, रजक सर, श्रीमती शैली तिवारी शिक्षिका, संतोष सिंह , जनार्दन सिंह आदि की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

## ग्रामीण क्षेत्रो में स्थानीय स्तर पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की दी जा रही है सुविधा



**अनूपपुर।** ग्राम मुंडा के सरपंच त्रिवेंद्र सिंह एवं सचिव सुंदर सिंह राठौर द्वारा मांग रखी गई, कि अन्य पंचायत की तरह मुंडा पंचायत में भी जन चौपाल एवं लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित किया जाए, जिस पर जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी द्वारा 22 जुन को मुंडा पंचायत में लर्निंग लाइसेंस का कैंप आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय युवा एवं महिलाओं ने आकर स्वयं के लर्निंग लाइसेंस बनवाए, उन्हें लर्निंग लाइसेंस के प्रतिलिपि देते हुए जानकारी दी गई की एक महीने बाद स्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन करें तथा जिला परिवहन कार्यालय से स्थाई लाइसेंस प्राप्त करें। कैंप में कुल 52 लोगों के लाइसेंस जारी किए गए, जिसमें 27 महिलाओं को निशुल्क लाइसेंस प्रदाय किए गए, जिला परिवहन विभाग एवं यातायात अनूपपुर द्वारा अभी तक तीन गांव (गोरसी, धीरोल, मुंडा) में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित कर 127 लोगों को लाइसेंस प्रदाय किए गए। कैंप में जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, स्थानीय सरपंच त्रिवेंद्र सिंह, सचिव सुंदर सिंह राठौर, आरक्षक गणेश यादव, आलोक कुशवाहा, आरटीओ ऑफिस से अंकित जायसवाल, आदित्य मिश्रा एवं दीपक उपस्थित रहे।

## एमबी पावर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का भव्य आयोजन



**अनूपपुर।** एमबी पावर परिसर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों और समुदाय में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन को स्थापित करना तथा योग की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाना रहा। योग शिविर में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से पधारीं रिसर्च स्कॉलर सुश्री प्रज्ञा साहू ने अपने साथ योग्य प्रशिक्षिकाओं – सुश्री वैष्णवी पासवान एवं सुश्री ज्योति यादव के साथ सहभागियों को योगाभ्यास करवाया। तीनों योग प्रशिक्षकों ने शिविर में उपस्थितजनों को योग की मूल अवधारणाओं से परिचित कराते हुए विविध योगासन, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया। भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन आदि जैसे प्राचीन लेकिन प्रभावी योग क्रियाओं के माध्यम से शारीरिक रोगों को दूर करने और मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के उपाय बताए गए।

शिविर का शुभारंभ कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख श्री आर. के. खटाना द्वारा किया गया। उन्होंने योग प्रशिक्षकों का परिचय कराते हुए योग के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्षों पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित करने की एक पद्धति है, जिससे मानसिक स्पष्टता, आत्मनियंत्रण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य संभव होता है।" कंपनी के प्लांट हेड आनंद देशपांडे ने अपने उद्बोधन में योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि यह मानव जीवन को दीर्घायु, शांतिपूर्ण एवं रोगमुक्त बनाने का एक प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर, जीवन को अधिक स्वस्थ, संतुलित और ऊर्जावान बनाएं।

शिविर के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा बाल भारती पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक तांडव नृत्य, जिसमें उन्होंने विभिन्न योग मुद्राओं को नृत्य शैली में प्रस्तुत कर योग की जीवंत अभिव्यक्ति की। छात्रों की इस कलात्मक प्रस्तुति ने शिविर को एक सांस्कृतिक आयाम भी प्रदान किया। योग शिविर में कंपनी के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, परिसर की महिलाओं और बच्चों ने ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में प्रतिभागियों ने न केवल योग के विविध आयामों को सीखा, बल्कि उन्हें आत्मसात करने का प्रयास भी किया। प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी और उसे एक जीवनशैली के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी।

शिविर के समापन पर आनंद देशपांडे ने सभी प्रशिक्षकों, सहभागीगण एवं आयोजन समिति के सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस आयोजन के माध्यम से योग की उपयोगिता को सभी ने निकटता से अनुभव किया होगा।

## अवैध शराब के खिलाफ जिले में बड़ी कार्रवाई

# एसपी के अभियान में लाखों की शराब जब्त

**एक साल में जब्त हुई 11,985 लीटर अंग्रेजी, 1,150 लीटर देशी और 7,303 लीटर कच्ची शराब**

अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध नियंत्रण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उनके निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ चलाया गया सघन अभियान जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पुलिस ने न केवल हजारों लीटर अवैध शराब जब्त की, बल्कि तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी पकड़ा, जिससे शराब माफिया की कमर टूटती नजर आई।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।







जिले में आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण के मामलों में अनूपपुर पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक दर्जनों स्थानों पर छापेमारी की गई जिसमें अंग्रेजी शराब के 163 प्रकरणों में 11 हजार 985 लीटर एवं देशी शराब के 188 प्रकरणों में 1150 लीटर तथा कच्ची महुआ शराब के 1196 प्रकरणों में 7303 लीटर शराब के साथ ही 6 कार, एक स्कार्पियों, एक बोलेरो, एक पिकअप, एक ऑटो सहित 12 बाइक, 4 स्कूटी जब्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के निर्देशन में 29 से अधिक बड़ी कार्यवाहियां शामिल है। इसमें अप्रैल 2025 में नये शराब ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से गांव-गांव की जा रही पैकारी में केवल एक माह के अंदर 28 प्रकरणों में 957 लीटर के साथ एक स्कार्पियों, 1 बोलेरो एवं 4 बाइक एवं देशी शराब के 25 प्रकरणों में 188.64 लीटर शराब के साथ एक कार एवं एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस की यह मुहिम अवैध शराब के नेटवर्क को तोड़ने और कानून व्यवस्था को सख्त बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न थानों की कार्यवाहियां

1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 में अवैध शराब के खिलाफ की कार्यवाहियों में कोतवाली अनूपपुर द्वारा अंग्रेजी शराब के 13 प्रकरणों में 179.7 लीटर, देशी शराब के 7 प्रकरणों में 20.7 लीटर एवं देशी शराब के 122 प्रकरणों में 887.4 लीटर के साथ एक स्कूरटी एवं एक बाइक, जैतहरी थाना में दर्ज अंग्रेजी शराब के 25 प्रकरणों में 904 लीटर शराब के साथ 3 कार, देशी शराब के 5 प्रकरणों में 63.72 लीटर तथा कच्ची महुआ शराब के 130 प्रकरणों में 1660 लीटर, चचाई थाना में दर्ज अंग्रेजी शराब के 7 प्रकरणों में 48 लीटर, देशी शराब के 9 प्रकरणों में 32 लीटर एवं कच्ची महुआ शराब के 79 प्रकरणों में 479 लीटर, कोतमा थाना में अंग्रेजी शराब के 19 प्रकरणों में 206 लीटर शराब के साथ एक कार, एक ऑटो, एक बाइक, देशी शराब के 44 प्रकरणों में 349 लीटर, कच्ची महुआ शराब के 104 प्रकरणों में 602 लीटर, भालूमाड़ा थाना में अंग्रेजी शराब के 26 प्रकरणों में 312 लीटर के साथ एक कार, एक बाइक, देशी शराब के 37 प्रकरणों में 126 लीटर एवं कच्ची महुआ शराब के 90 प्रकरणों में 518 लीटर, बिजुरी थाना में अंग्रेजी शराब के 6 प्रकरणों में 216 लीटर के साथ एक पिकअप, एक स्कूटी, देशी शराब के 21 प्रकरणों में 150 लीटर तथा कच्ची महुआ शराब के 93 प्रकरणों में 517 लीटर, रामनगर थाना में अंग्रेजी शराब के 16 प्रकरणों में 271 लीटर, देशी शराब के 14 प्रकरणों में 57.96 लीटर एवं कच्ची महुआ शराब के 106 प्रकरणों में 697 लीटर, राजेन्द्रग्राम थाना में अंग्रेजी शराब 6 प्रकरणों में 95.84 लीटर के साथ एक बाइक, देशी शराब के 1 प्रकरण में 48 लीटर एवं कच्ची महुआ शराब के 32 प्रकरणों में 199 लीटर, अमरकंटक थाना में अंग्रेजी शराब 10 प्रकरणों में 200 लीटर, देशी शराब के 6 प्रकरणों में 52 लीटर, कच्ची महुआ शराब के 72 प्रकरणों में 432 लीटर तथा करनपठार थाना में अंग्रेजी शराब के 7 प्रकरणों में 138 लीटर, देशी शराब के 19 प्रकरणों में 61 लीटर तथा कच्ची महुआ शराब के 53 प्रकरणों में 321 लीटर शराब जब्ती कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

### नये ठेकेदार के आते बढ़ी शराब की तस्करी, सामने आये चौकाने वाले आंकड़े

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये गये इस मुहिम में नये ठेकेदार पर अवैध शराब गांव-गांव पहुंचाकर बड़े पैमाने में तस्करी करवाई जा रही है। 1 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक के आंकड़ो की अगर बात की जाये, तो चौकानें वाले सामने आये है। आंकड़ो के अनुसार दो माह के अंदर भालूमाड़ा थाना में अंग्रेजी शराब के दर्ज 2 प्रकरणों में 397 लीटर के साथ एक स्कार्पियों, राजेन्द्रग्राम थाना में 2 प्रकरणों में 199 लीटर के साथ एक बोलेरो, एक बाइक तथा देशी शराब के एक प्रकरण में 66 लीटर, करनपठार थाना में 6 प्रकरणों पर 203 लीटर एवं देशी शराब के 4 प्रकरणों में 55 लीटर जैतहरी थाना में अंग्रेजी शराब के 4 प्रकरणों में 69 लीटर के साथ एक बाइक, एक बाइक, बिजुरी थाना में 1 प्रकरण 66 लीटर, शराब आरोपियों से जब्त कर कार्यवाही की गई है। इन दो माह में 9 थानों में अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अंग्रेजी शराब के 28 प्रकरणों में 958 लीटर, देशी शराब के 25 प्रकरणों में 189 लीटर तथा कच्ची महुआ शराब के 365 प्रकरणों में 2158 लीटर शराब के साथ 320 किलोग्राम महुआ लाहन सहित एक स्कार्पियों, एक बोलेरो, एक कार, 6 बाइक, 2 स्कूटी जब्त की गई है। अवैध शराब के इस नेटवर्क के विस्तार के बावजूद कोतवाली अनूपपुर, चचाई, रामनगर और अमरकंटक थानों की कार्रवाई अपेक्षाकृत धीमी रही है। इन थानों से न तो प्रभावी कार्रवाई के आंकड़े सामने आए हैं और न ही बड़ी बरामदगी की सूचना मिली है। यह स्थिति पुलिस प्रशासन के सामने सवाल खड़े करती है।

### प्रशासन सख्त, अभियान जारी

पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, नए ठेकेदार के आने के बाद जिस तरह से तस्करी बढ़ी है, उससे यह स्पष्ट है कि जिले में अवैध शराब माफिया फिर से सक्रिय हो चुके हैं।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जिले भर में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं। अप्रैल 2024 से मई 2025 के बीच दर्जनों स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने लगभग 1000 लीटर से अधिक देशी व अंग्रेजी शराब तथा कई वाहनों को जब्त किया है। जिनमें लखनपुर सोनू वादी व रामजी धुर्वे को 60 लीटर कच्ची महुआ शराब और बाइक के साथ पकड़ा गया, जैतहरी में किया कार एमपी 65 जेडबी 4095 से 341 लीटर शराब, जिनमें बियर व विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब, मुंडा गांव में संजय राठौर के पास से अवैध शराब के साथ-साथ 60 लीटर पेट्रोल, कोतमा में दीपक गुप्ता व अन्य को 60 लीटर बीयर व एक ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया, डस्टर कार सीजी 25 1111 के चालक विजय वर्मा के पास से 52.92 लीटर अंग्रेजी शराब, जमुना कालरी में रवि गोड़ और नृपेन्द्र सिंह के कब्जे से 54.99 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। इसके साथ ही सबसे बड़ी जब्ती 7 मई 2025 को स्कॉर्पियो एमपी 18 टी 2523 से 369 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 2.72 लाख रुपये आँकी गई। इस विशेष अभियान के दौरान हजारों लीटर शराब, कई मोबाइल फोन, दर्जनों वाहन जब्त किए गए हैं।

### रात 11 बजे शराब ठेकेदार सहित होटल वा ढ़ाबा बंद करने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने क्राइम बैठक में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में संचालित होटलों वा ढ़ाबों का बंद करने का समय रात 11 बजे निर्धारित किया गया है। इसके साथ निर्देशित किया गया है कि सभी अपने अपने क्षेत्र में 11 बजे गश्ती दल को बढ़ाते हुए होटल वा ढ़ाबों सहित शराब दुकान के बंद होने की स्थिति का जायजा ले। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सबसे ज्यादा कोतमा अनुभाग में होटलों वा ढ़ाबों में शराब बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई है, जिस पर उन सभी होटलों पर खास निगरानी रखी जाएगी और नियमों का पालन नही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि लोक शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखना और रात्रि के समय अनावश्यक गतिविधियों पर नियंत्रण लाने के लिए यह जरूरी कदम है।

### एमआरपी से अधिक दर बन रहा विवाद का कारण

जानकारी के अनुसार जिले भर में संचालित शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक दामों में शराब बेचे जाने की दर्जनों शिकायत प्रतिदिन आबकारी विभाग को मिलती है, लेकिन आबकारी विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया गया, जबकि एमआरपी दर से अधिक शराब बेचे जाने के कारण शराब दुकान के सेल्समैन और शराब प्रेमियों के बीच विवाद का कारण बनता है और इस विवाद पर कई बार शराब दुकान के संचालक द्वारा अपनी लायसेंसी बंदूकों और उनके गुर्गो द्वारा मारपीट करने तक की नौमत ले आते है। इतना ही नही एमआरपी से अधिक दर पर शराब बेचे जाने तथा शराब प्रेमियों द्वारा शराब खरीदते समय शराब दुकान के सेल्स मैन से बिल की मांग किये जाने पर उन्हे शराब देने से मना करते हुए विवाद करते है। कई बार ऐसे मामलों से संबंधित विवाद थाना क्षेत्रों में पहुंच जाता है लेकिन पुलिस इस पूरे मामले में शराब दुकान के पक्ष लेते हुए शराब प्रेमियों को वहां से भगा देती है।

### इनका कहना है

लोक शांति को ध्यान में रखते हुए शराब माफिया के खिलाफ सख्त रूख अपनाया जा रहा है, होटलों और ढ़ाबों में भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसके साथ जिले भर के शराब दुकानों और ढ़ाबों का समय रात 11 बजे तक बंद करने के सख्त निर्देश दिये गये है।

**मोती उर्र रहमान**
**पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**



## पांच दिनों से चार हाथियों को समूह ने राजेंद्रग्राम क्षेंत्र में डाला डेरा

### रातों मे तोड रहे ग्रामीणों के मकान, दहशत में ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विगत पांच दिनों से चार हाथियों का समूह राजेंद्रग्राम क्षेत्र में दिन के समय जंगल में ठहरने हुए रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरो में तोड़फोड़ कर विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं 22 जून को पांचवें दिन चारों हाथी राजेंद्रग्राम क्षेत्र के रौषरखार गांव से लगे बेनीबारी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, हाथियों के निरंतर विचरण से ग्रामीण परेशान एवं दहशत की स्थिति में रात



रात भर जाग कर रात बिताने को बाध्य है। चार हाथियों का समूह 14 जून की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले में प्रवेश जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील के ग्रामों में विचरण करते हुए विगत पांच दिनों से राजेंद्रग्राम क्षेत्र में पहुंचकर विचरण कर रहे है यह हाथियों का समूह दिन में जंगल में रहने के बाद रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के मकानों को आहार की तलाश में निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ कर विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं। शुक्रवार की मध्य रात्रि चारों हाथी गुट्टीपारा बीट के जंगल में दिनभर रहने बाद रात होने पर बिजौरा निवासी धन्ना, अजीत, निहाली के तथा शनीवार की रात छींदपानी बीट के जंगल से निकलकर बिजौरा के संचरा के बैगानटोला निवासी रतनी बाई, टिल्लू, अमृत, कान्ता, लामू के मकानो/झोपड़ियो में तोड़फोड़ कर नुकसान करते हुए लमसरई, गर्जनबीजा से रविवार की सुबह बेनीबारी बीट के रौषरखार गांव से लगे जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, चारों हाथियों को राजेंद्रग्राम क्षेत्र में खेतों मे खाने के अनाज ना मिल पाने के कारण संभवतः घरों में तोडफोड कर रहे है, हाथियों के निरंतर विचरण करने एवं ग्रामीण के संपत्तियों का नुकसान करने के कारण हाथी का विचरण से ग्रामीण अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए रात रात भर जाग कर रात बिताने को बाध्य है वही वनविभाग का गश्ती दल ग्रामीणो एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाते हुए हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी करते हुए ग्रामीणों को दिन के समय हाथियों के विश्राम करने वाले स्थल के जंगलों में नहीं जाने, रात के समय गांव से बाहर एवं जंगल के समीप बने मकानों में नहीं रहते हुए बीच बस्ती में के पक्के मकान में सुरक्षित रहने की अपील की है।

## सरपंच बनने के बाद अचानक बढ़ गई आमदनी, गांव से पहुंचा शहर

# विकास की चादर ओढ़ कर भ्रष्टाचार कर रहा सरपंच पति

### भ्रष्टाचारी सरपंच पति के विकास की गाथा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पंचायत में यूं तो कई विकास कार्य किए जाते हैं लेकिन उन विकास की आड़ में सरपंच और सचिव भी अपना पूरा विकास करने से नहीं चूकते सरपंच जो चुनाव लड़ते समय अपनी आमदनी महज हजार या लाख रुपए ही दर्शाता है और 5 साल पूरा होते ही उसकी आमदनी कई लाख तक बढ़ जाती है या यूं कहें की कुछ सरपंच तो करोड़पति भी बन जाते हैं ऐसा ही एक नजारा ग्राम पंचायत चिल्हारी के सरपंच का सामने आया है।

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत चिल्हारी में विगत 5 वर्षों में कितने विकास कार्य किए गए हैं कि पंचायत में विकास के नाम पर कई सारे पुल निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य, खेल मैदान निर्माण कार्य के साथ-साथ सीसी रोड भी बनवाए गए लेकिन इस विकास कार्य के साथ यदि सबसे ज्यादा किसी का विकास हुआ है तो वह वहां के सरपंच का विकास सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि जब यह सरपंच का चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए थे तो उसमें उनकी आमदनी महज हजारों में दर्शाई गई थी और वर्तमान में देखा जाए तो कुछ नाम चंद ठेकेदारों के साथ मिलकर उन्होंने अपना इतना विकास कर लिया कि अब उनकी आमदनी करोड़ों में देखने को मिल रही है बताया जा रहा है कि सरपंच अनूपपुर जिला मुख्यालय में कई जगहों पर अपना विकास कर चुके हैं।

### ठेके में देकर कराया निर्माण कार्य लिया कमिशन

ग्राम पंचायत चिल्हारी में विगत 3 वर्षों में सीसी सड़क निर्माण कार्य, ग्रेवल सडक निर्माण कार्य के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं बताया जा रहा है कि सरपंच पति के सबसे करीबी एक व्यक्ति ठेकेदार भी है और सरपंच उसे पूरा निर्माण कार्य ठेके पर देकर अपने आप को पाक साफ बताता है। वही निर्माण स्थल की बात करें तो निर्माण की स्थिति देखकर तो अंदाजा लगाया जा रहा है कि निर्माण कार्य का विकास हो ना हो लेकिन सरपंच और ठेकेदार ने मिलकर अपना खूब विकास किया है पंचायत में जो भी कार्य किए जाते हैं सारे कार्य को सरपंच द्वारा अपने चहेते को ठेके में दे दिया जाता है और दोनों मिलकर जमकर भ्रष्टाचार करते हैं।

### सरपंच से नाराज दिख रहे ग्रामीण

जब हमारे द्वारा कुछ ग्राम वासियों से सरपंच के बाद व्यवहार और विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई तो गांव के अधिकांश लोग काफी नाराज दिखाई दिए उनका कहना था कि हमने सरपंच को एक अच्छा और विकास को देखते हुए वोट दिया था लेकिन वह तो ग्राम का विकास जितना किया किया लेकिन अपना विकास पूरी तरह से कर लिया है ग्रामीणों का कहना है कि यह सरपंच भ्रष्टाचारी निकला और अगली बार हमको ऐसे सरपंच नहीं चाहिए।

### जहां नहीं जरूरत वहां बना दिया पुल और सड़क

ग्राम पंचायत सरपंच ने अपने विकास के चक्कर में पंचायत के कोने कोने में सड़क और पुल का निर्माण कार्य कर दिया। बताया जा रहा है कि जहां पर ना तो किसी का घर है और ना ही कोई आता जाता है वहां भी सड़क और पुल का निर्माण कर लाखों रुपए डकार लिए गए हैं ग्राम पंचायत चिल्हारी के बकान टोला में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है वहीं इस सड़क में तीन जगह पर 15-15 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य कराया गया है और यहां पर वर्तमान स्थिति यह है कि ना तो सड़क और ना ही पूल की कोई खास आवश्यकता देखने को मिल रही है लेकिन पंचायत बराबर विकास कार्य कर रहा है।

### जिला मुख्यालय में बनाए करोड़ों की प्रॉपर्टी

ग्राम पंचायत चिल्हारी के सरपंच जब पहली बार सरपंच पद के लिए दावेदारी की थी तब वह एक महज साधारण से व्यक्ति थे और ग्राम पंचायत चिल्हारी में ही निवास करते थे उस समय उन्होंने अपनी आमदनी महज हजारों में दर्शाई थी लेकिन धीरे-धीरे विकास का कार्य चलता रहा और आज अनूपपुर जिला मुख्यालय में करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी बनाकर बैठे हुए हैं निश्चित तौर पर उनका विकास साफ देखने को मिल रहा है और उनकी इस विकास के पीछे ग्राम पंचायत चिल्हारी का पूरा-पूरा योगदान रहा है।

### गांव में नहीं रहते सरपंच होती है परेशानी

चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत के अधिकांश लोगों ने बताया कि सरपंच अधिकतर समय अनूपपुर में ही गुजारते हैं उन्हें जब भी किसी व्यक्ति को सरपंच से मिलने या किसी प्रकार के आवेदन की आवश्यकता होती है तो उन्हें काफी इंतजार करना पड़ता है बताया जा रहा है कि जब से वह सरपंच बने हैं और अपना विकास करते हुए अनूपपुर में निवास करने लगे हैं तब से वह पंचायत बहुत कम आते हैं। जिस कारण से पंचायत में आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्या होती है।

### सचिव और रोजगार सहायक भी ढर्रे पर

ग्राम पंचायत चिल्हारी में पदस्थ सरपंच और सचिव और रोजगार सहायक मिलकर बराबर विकास कार्य कर रहे हैं ऐसे में जब सरपंच जो मुखिया है और वह अपना विकास अनूपपुर में बैठकर करने पर तुला है तो वहां सचिव और रोजगार सहायक बराबर अपना भी विकास करने में तुले बताया जा रहा है कि सचिव और रोजगार सहायक भी इस ढर्रे पर चल रहे हैं। रोजगार गारंटी में फर्जी हाजिरी के साथ ही तालाब निर्माण कार्य और सड़क निर्माण कार्य के नाम पर लाखों रुपए की राशि का हरण किया जा चुका है।

### कार्यवाही न होने से बढ़े हुए हैं सरपंच के हौसले


ग्राम पंचायत चिल्हारी में लगातार विकास के नाम पर भ्रष्टाचार होता आ रहा है और ऐसा नहीं है कि उनके इस भ्रष्टाचार को लेकर किसी को जानकारी नहीं है पूर्व में कई बार शिकायत भी हुई लेकिन रसूखदार सरपंच अधिकारियों को गुमराह कर अपने आप को बचा लेता है हाल ही में पुल निर्माण कार्य और ग्रेवल सडक निर्माण कार्य में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है और फर्जी तरीके से रेत और मुरूम का बिल लगाया गया है यदि सही तरीके से इसकी जांच कराई जाए तो लाखो रुपए का भ्रष्टाचार सामने आएगा।

## तीन दशक पुराना स्कूल भवन अब बना खतरे का सबब

### मरम्मत की माँग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**अनूपपुर।** अनूपपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत दैखल में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय (प्राथमिक भवन) अब बच्चों की पढ़ाई के बजाय उनके जीवन के लिए खतरा बनता जा रहा है। लगभग 30 साल पहले एसईसीएल द्वारा निर्मित यह भवन अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। स्कूल की दीवारों में दरारें, छतों की कमजोर स्थिति और जगह-जगह से झड़ता प्लास्टर किसी बड़े हादसे की आशंका को जन्म दे रहा है।

**भय के साए में शुरू हुआ नया सत्र-** शैक्षणिक सत्र तो आरंभ हो चुका है,



लेकिन स्कूल भवन की हालत को देखकर अभिभावकों और ग्रामीणों में गहरी चिंता है। विद्यालय की टूटी बाउंड्री वॉल के चलते असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**प्रशासनिक अनदेखी से नाराज़ ग्रामीण-** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन और आवेदन के माध्यम से भवन की मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई अब तक नहीं हुई। उनका कहना है कि अब सिर्फ पढ़ाई नहीं, बच्चों की जान भी जोखिम में है। ग्रामीणों ने मांग रखी है कि स्कूल भवन की त्वरित मरम्मत, बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण, परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**इनका कहना है**

विद्यालय की मरम्मत अत्यंत आवश्यक है। जर्जर भवन बच्चों के लिए बड़ा खतरा है। प्रशासन को शीघ्र कदम उठाना चाहिए।

**काशी राम प्रजापति समाजसेवी, ग्राम दैखल**